सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

खण्ड एवं संकुल स्तर के लिए निर्धारित मॉनीटरिंग टूल्ज़

(शिक्षा में हर स्तर पर गुणात्मक सुधार हेतु मॉनीटरिंग ज़रूरी)

शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से स्कूलों में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के सफल कार्यान्वयन हेतु जिला, खण्ड एवं राज्य स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। इसके दृष्टिगत स्कूलों में आए सुधार का निरन्तर आकलन भी सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जा रहा है तथा स्कूल, संकुल, खण्ड व जिला स्तर पर ग्रेडिंग की जा रही है। स्कूल स्तर पर यह ग्रेडिंग संकुल स्रोत केन्द्र समन्वयकों के माध्यम से की जाती है। जबकि संकुल स्तर की ग्रेडिंग खण्ड स्रोत समन्वयकों द्वारा एवं खण्ड स्तर की ग्रेडिंग जिला परियोजना अधिकारियों तथा जिला स्तर की ग्रेडिंग राज्य स्तर पर की जाएगी। स्कूल स्तर की ग्रेडिंग के लिए निर्धारित टूल्ज संबंधी विस्तृत जानकारी 4-10 फरवरी 2009 के अंक में प्रकाशित की गई थी। इस अंक में संकुल एवं खण्ड स्तर हेतु निर्धारित मॉनीटरिंग टूल्ज एवं दिशा निर्देशों संबंधी जानकारी दी जा रही है।

■ संकुल की ग्रेडिंग के लिए खण्ड स्त्रोत समन्वयक हेतु दिशा-निर्देश

1. प्रत्येक खण्ड स्त्रोत समन्वयक को हर संकुल की अपने खण्ड स्तर पर त्रैमासिक आधार पर ग्रेडिंग सुनिश्चित करनी होगी जिसे प्रतिवर्ष तीन बार किया जाएगा।
2. संकुल की ग्रेडिंग वर्ष 2008-2009 से शुरू की गई है तथा पहली बार शीतकालीन अवकाश वाले संकुल में इस सम्बन्ध में फरवरी माह में सूचना एकत्र की गई जो दिसम्बर, 2008 तक समाप्त तिमाही से सम्बन्धित थी।

संकुल ग्रेडिंग की सूचना को एक स्तर से दूसरे तक पहुंचाना :

क्र सं	स्तर	जिसे सूचना देनी है	सूचना पहुंचाने की अवधि
1.	खण्ड स्तर (BRCC)	जिला परियोजना अधिकारी (DPO)	जून/सितंबर,सितंबर/दिसंबर तथा दिसंबर/मार्च के तीसरे सप्ताह
2.	जिला परियोजना अधिकारी (DPO)	राज्य परियोजना निदेशक (SPD)	जून/सितंबर, सितंबर/दिसंबर तथा दिसंबर/मार्च के चौथे सप्ताह

3 **प्रत्येक संकुल की ग्रेडिंग के लिए निर्धारित मानदण्ड (Criteria)**

अंक	विद्यालयों की संख्या	ग्रेड	उपलब्धि स्तर
80-100 प्रतिशत		A	उच्च (High)
40-80 प्रतिशत		B	औसत (Average)
40 प्रतिशत से कम		C	निम्न (Low)

4. ग्रेडिंग के पश्चात प्रत्येक खण्ड स्त्रोत समन्वयक को गम्भीर रूप से समस्याग्रस्त संकुलों की ओर विशेष ध्यान देना होगा तथा विद्यालयों की कमियों एवं उपलब्धियों की खण्ड स्तर की मासिक बैठक में चर्चा करके उसका समाधान खोजना होगा। फिर भी यदि कुछ संकुलों की समस्याओं का समाधान खण्ड स्तर पर सम्भव नहीं हो पाए तो उनके समाधान हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर बातचीत की जाए।
5. प्रत्येक खण्ड स्त्रोत समन्वयक को अपने खण्ड स्तर पर संकुलों की ग्रेडिंग सूची सूचना पट्ट पर दर्शानी होगी जिसको समय-समय पर राष्ट्रीय/ राज्य/ जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम द्वारा जांचा जाएगा।

संकुल की ग्रेडिंग हेतु त्रैमासिक मॉनिटरिंग टूल

संकुल..... खण्ड..... जिला.....

■ संकुल में मूलभूत सुविधाएं तथा निर्माण कार्य की स्थिति

1. पुस्तकालय
(क) पुस्तकालय का संकुल स्त्रोत समन्वयक एवं अध्यापक द्वारा उपयोग 2
(ख) केवल संकुल स्त्रोत समन्वयक द्वारा उपयोग 1
(ग) उपलब्ध ही नहीं 0
2. निर्माण कार्य (संकुल के विभिन्न स्कूलों में अतिरिक्त कमरे, पीने का पानी, शौचालय, चार दिवारी, पाकशाला आदि)
(क) (60-100)% संकुल स्तर के स्कूलों में कार्य पूर्ण 2
(ख) (20-60)% कार्य पूर्ण 1
(ग) 20% से कम कार्य पूर्ण 0

■ शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये विभिन्न गतिविधियों का संकुल स्तर पर कार्यान्वयन

3. विकास योजना
(क) तैयार तथा उसका विश्लेषण तथा कार्यान्वयन हो रहा 2
(ख) तैयार परन्तु उसका नियमित कार्यान्वयन नहीं हो रहा 1
(ग) नहीं बनाई गई है 0
4. शिक्षण अधिगम सामग्री
(क) शिक्षण सामग्री का एक अलग कोना बनाया गया है तथा उसका प्रशिक्षण में प्रयोग हो रहा है 2
(ख) शिक्षण सामग्री उपलब्ध है परन्तु उसका उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है 1
(ग) शिक्षण सामग्री विकसित ही नहीं की गई है 0
5. अध्यापक प्रशिक्षण
(क) प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है तथा कक्षा में बच्चों के लिए लाभदायक हो रहा है 2
(ख) प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है परन्तु केवल अध्यापक तक ही सीमित है 1
(ग) प्रशिक्षण प्राप्त किया है परन्तु उसका अध्यापक तथा बच्चों को लाभ नहीं पहुंचा है 0
6. संकुल स्तर पर ग्रेडिंग के आधार पर स्कूलों की उपलब्धि
(क) (80-100)% स्कूलों का उच्च स्तर (Grade-A) 2
(ख) (50-80)% स्कूलों का औसत स्तर (Grade-B) 1
(ग) 50% से कम स्कूलों के निम्न स्तर (Grade-C) 0
7. संकुल स्त्रोत समन्वयक द्वारा स्कूलों का मासिक अनुश्रवण
(क) सभी स्कूलों का अनुश्रवण तथा विद्यालय की समस्याओं का समाधान किया गया आदर्श पाठ भी दिया गया 2
(ख) 50 प्रतिशत या उससे अधिक स्कूलों का अनुश्रवण किया परन्तु आदर्श पाठ नहीं दिया 1
(ग) 50 प्रतिशत से कम स्कूलों का अनुश्रवण किया और आदर्श पाठ भी नहीं दिया 0

■ मुख्य मानक

8 (a) कक्षा 5 में संकुल स्तर पर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों की प्रतिशतता
(क) (70-100)% 10
(ख) (50-70)% 5
(ग) < 50% 0
8 (b). कक्षा 8 में संकुल स्तर पर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों की प्रतिशतता
(क) (70-100)% 10
(ख) (50-70)% 5
(ग) < 50% 0
9. पिछले वर्ष संकुल स्तर पर सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय तथा अन्य राष्ट्रीय संस्थानों में नामांकन पाने वाले बच्चों की संख्या
(क) 5 से अधिक 2
(ख) (1-4) 1
(ग) कोई नहीं 0
10. संकुल स्तर पर उपलब्धि के आधार पर छात्रवृति प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या
(क) 50 से अधिक 2
(ख) (20-50) 1
(ग) 20 से कम 0
11. संकुल स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान से सम्बन्धित विभिन्न रिकार्डज का रख रखाव तथा समय पर सूचनाएं भेजना
(क) नियमित रूप से सूचनाएं भेजी जाती हैं तथा रिकार्ड के रख-रखाव का स्तर बहुत अच्छा है 2
(ख) दोनों में से एक 1
(ग) दोनों में से कोई नहीं 0
12. संकुल स्तर पर संकुल स्त्रोत समूह (CRG) का गठन
(क) बनाया गया है, सदस्यों की सेवाएं प्रशिक्षण तथा अन्य गतिविधियों में ली की जा रही हैं 2
(ख) बनाया गया है, परन्तु संकुल स्त्रोत समूह (CRG) का सक्रिय योगदान सुचिश्चित नहीं किया जा रहा है 1
(ग) संकुल स्त्रोत समूह (CRG) का गठन ही नहीं किया गया है 0
13 (a). संकुल स्तर पर पुनरावृत्ति दर (प्राथमिक स्तर)
(क) 0-2 प्रतिशत 2
(ख) 2-5 प्रतिशत 1
(ग) 5 प्रतिशत से अधिक 0
13 (b). संकुल स्तर पर पुनरावृत्ति दर (माध्यमिक स्तर)
(क) 0-5 प्रतिशत 2
(ख) 5-8 प्रतिशत 1
(ग) 8 प्रतिशत से अधिक 0
14. संकुल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों जैसे बाल मेला, मीना उत्सव, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, पत्र लेखन, नाटक, पहेलियां, भाषण खेलकूद इत्यादि का आयोजन (उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार)
(क) साप्ताहिक/मासिक/त्रैमासिक स्तर पर : 2
(ख) अर्द्धवार्षिक/वार्षिक स्तर पर : 1
(ग) बिल्कुल नहीं : 0
15. संकुल स्त्रोत समन्वयक द्वारा विद्यालयों में आदर्श पाठ देना
(क) माह में प्रत्येक विद्यालय में 1 से अधिक आदर्श पाठ दिए गए 2
(ख) माह में प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 1 आदर्श पाठ दिया गया 1
(ग) बिल्कुल नहीं 0

खण्ड ग्रेड	प्रथम मूल्यांकन	द्वितीय मूल्यांकन	तृतीय मूल्यांकन
मूल्यांकन की तिथि			
प्राप्त अंकों का योग			
खण्ड स्थिति पर प्राप्त ग्रेड			
हस्ताक्षर मूल्यांकनकर्ता			

पाठकों से...

पाठकगण अपने जिला, खण्ड, संकुल या स्कूल में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में हमें सूचित करें। सर्व शिक्षा अभियान संबंधी यह पृष्ठ हर माह के अंतिम बुधवार को प्रकाशित किया जाता है। पाठकगण सर्व शिक्षा अभियान संबंधी किसी भी सुझाव व जानकारी के लिए निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं :–

राजेश शर्मा
राज्य परियोजना निदेशक,
राज्य परियोजना कार्यालय (सर्व शिक्षा अभियान),
डी.पी.ई.पी.भवन, लाल पानी, शिमला-171001
दूरभाष : 2658668, फैक्स : 2808624

प्रस्तुति : **ज्योति रावत**

■ खण्ड की ग्रेडिंग के लिए जिला परियोजना अधिकारी हेतु दिशा-निर्देश

1 प्रत्येक जिला परियोजना अधिकारी को हर खण्ड की अपने जिला स्तर पर त्रैमासिक आधार पर ग्रेडिंग सुनिश्चित करनी होगी जिसे प्रतिवर्ष तीन बार किया जाएगा।
2 खण्ड की ग्रेडिंग वर्ष 2008-2009 से लागू की गई तथा पहली बार शीतकालीन अवकाश वाले खण्डों में इस सम्बन्ध में फरवरी माह में सूचना एकत्र की गई तथा यह दिसम्बर, 2008 तक समाप्त तिमाही से सम्बन्धित थी।

खण्ड ग्रेडिंग की सूचना को एक स्तर से दूसरे तक पहुंचाना:

क्र सं0	स्तर	जिसे सूचना देनी है	सूचना पहुंचाने की अवधि
1.	जिला परियोजना अधिकारी(DPO)	राज्य परियोजना निदेशक (SPD)	जून/सितंबर, सितंबर/दिसंबर तथा दिसंबर/मार्च के चौथे सप्ताह

3 प्रत्येक खण्ड की ग्रेडिंग के लिए निम्न मानदण्ड (Criteria) निश्चित किया गया है:

अंक	विद्यालयों की संख्या	ग्रेड	उपलब्धि स्तर
80-100 प्रतिशत		A	उच्च (High)
40-80 प्रतिशत		B	औसत (Average)
40 प्रतिशत से कम		C	निम्न (Low)

4 खण्ड के पश्चात प्रत्येक जिला परियोजना अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक को गम्भीर रूप से समस्याग्रस्त संकुलों की ओर विशेष ध्यान देना होगा तथा खण्ड के अंतर्गत संकुलों एवं विद्यालयों की कमियों एवं उपलब्धियों को जिला स्तर की मासिक बैठक में चर्चा करके उनका समाधान खोजना होगा। फिर भी यदि कुछ खण्डों की समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर सम्भव नहीं हो पाए तो उनके समाधान हेतु राज्य स्तर पर अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर बातचीत की जानी चाहिए।
5 प्रत्येक जिला परियोजना अधिकारी/ जिला परियोजना समन्वयक को अपने जिला स्तर पर खण्डों की ग्रेडिंग सूची सूचना पट्ट पर दर्शानी होगी जिसको समय-समय पर राष्ट्रीय/ राज्य/ जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम द्वारा जांचा जाएगा।

खण्ड की ग्रेडिंग हेतु त्रैमासिक मॉनिटरिंग टूल

खण्ड.....जिला.....

■ खण्ड में मूलभूत सुविधाएं तथा निर्माण कार्य की स्थिति

1. पुस्तकालय
(क) पुस्तकालय का खण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं अध्यापक द्वारा उपयोग 2
(ख) केवल खण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा उपयोग 1
(ग) उपलब्ध ही नहीं है 0
2. निर्माण कार्य (खण्ड के विभिन्न संकुलों में अतिरिक्त कमरे, पीने का पानी, शौचालय, चार दिवारी, पाकशाला आदि)
(क) (60-100)% संकुल स्तर के स्कूलों में कार्य पूर्ण 2
(ख) (20-60)% कार्य पूर्ण 1
(ग) 20% से कम कार्य पूर्ण 0

■ शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु विभिन्न गतिविधियों का संकुल स्तर पर कार्यान्वयन

3. खण्ड विकास योजना
(क) तैयार उसका विश्लेशण तथा कार्यान्वयन हो रहा है 2
(ख) तैयार परन्तु उसका कार्यान्वयन नहीं हो रहा है 1
(ग) नहीं बनाई गई है 0
4. शिक्षण अधिगम सामग्री
(क) शिक्षण सामग्री का एक अलग कोना बनाया गया है तथा उसका प्रशिक्षण में प्रयोग हो रहा है 2
(ख) शिक्षण सामग्री उपलब्ध है परन्तु उसका उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है 1
(ग) शिक्षण सामग्री विकसित ही नहीं की गई है 0
5. अध्यापक प्रशिक्षण
(क) प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है तथा कक्षा में बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है 2
(ख) प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है परन्तु केवल अध्यापक तक ही सीमित है 1
(ग) प्रशिक्षण प्राप्त किया है परन्तु उसका अध्यापक तथा बच्चों को लाभ नहीं पहुंचा है 0
6. खण्ड स्तर पर ग्रेडिंग के आधार पर स्कूलों की उपलब्धि
(क) (80-100)% स्कूलों का उच्च स्तर (Grade-A) 2
(ख) (50-80)% स्कूलों का औसत स्तर (Grade-B) 1
(ग) 50% से कम स्कूलों के निम्न स्तर (Grade-C) 0
7. खण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा संकुलों का त्रैमासिक स्तर पर अनुश्रवण
(क) सभी संकुलों का अनुश्रवण किया, संकुलों की समस्याओं का समाधान वहां जाकर किया गया तथा कम से कम 20 स्कूलों में आदर्श पाठ भी दिया गया 2
(ख) केवल 50 प्रतिशत या उससे अधिक संकुलों का अनुश्रवण किया परन्तु स्कूलों में आदर्श पाठ नहीं दिया 1
(ग) 50 प्रतिशत से कम संकुलों का अनुश्रवण किया तथा आदर्श पाठ भी नहीं दिया गया 0

■ मुख्य मानक

8 (a). कक्षा 5 में खण्ड स्तर पर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों की प्रतिशतता
(क) (70-100)% 10
(ख) (50-70)% 5
(ग) <50% 0
8. (b). कक्षा 8 में खण्ड स्तर पर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों की प्रतिशतता
(क) (70-100)% 10
(ख) (50-70)% 5
(ग) <50% 0
9. पिछले वर्ष खण्ड स्तर पर बच्चों का सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय तथा अन्य राष्ट्रीय संस्थानों में नामांकन (बच्चों की संख्या)
(क) 10 से अधिक 2
(ख) (1-10) 1
(ग) कोई नहीं 0
10. खण्ड स्तर पर उपलब्धि (Merit) के आधार पर छात्रवृति प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या
(क) 10 से अधिक 2
(ख) (5-10) 1
(ग) 5 से कम 0
11. खण्ड स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान से सम्बन्धित विभिन्न रिकार्डज का रख रखाव तथा समय पर सूचनाएं भेजना
(क) नियमित रूप से सूचनाएं भेजी जाती हैं तथा रिकार्ड के रख-रखाव का स्तर बहुत अच्छा है 2
(ख) दोनों में से एक 1
(ग) दो में से कोई नहीं 0
12. खण्ड स्तर पर खण्ड स्त्रोत समूह (BRG) का गठन
(क) किया गया है, सदस्यों की सेवाएं प्रशिक्षण तथा अन्य गतिविधियों में ली जा रही हैं 2
(ख) बनाया गया है, परन्तु संकुल स्त्रोत समूह (BRG) का सक्रिय योगदान सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है 1
(ग) खण्ड स्त्रोत समूह (BRG) का गठन ही नहीं किया गया है 0
13 (a) खण्ड स्तर पर पुनरावृत्ति दर (प्राथमिक स्तर)/ % of E grade (below 35%)
(क) 0-2 प्रतिशत 2
(ख) 2-5 प्रतिशत 1
(ग) 5 प्रतिशत से अधिक 0
13 (b). खण्ड स्तर पर पुनरावृत्ति दर (माध्यमिक स्तर)
(क) 0-5 प्रतिशत 2
(ख) 5-8 प्रतिशत 1
(ग) 8 प्रतिशत से अधिक 0
14. (a). खण्ड स्तर पर NER (प्राथमिक स्तर)
(क) 90-100 प्रतिशत 2
(ख) 80-90 प्रतिशत 1
(ग) 80 प्रतिशत से कम 0
14. (b). खण्ड स्तर पर NER (माध्यमिक स्तर)
(क) 85-100 प्रतिशत 2
(ख) 70-85 प्रतिशत 1
(ग) 70 प्रतिशत से कम 0
15. खण्ड स्तर पर विभिन्न गतिविधियों जैसे बाल मेला, मीना उत्सव, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, पत्र लेखन, नाटक, पहेलियां, भाषण खेलकूद इत्यादि का आयोजन (उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार)
(क) त्रैमासिक स्तर पर : 2
(ख) अर्द्धवार्षिक/ वार्षिक/ साप्ताहिक स्तर पर : 1
(ग) बिल्कुल नहीं: 0
16. खण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा विद्यालयों में आदर्श पाठ देना
(क) 3 माह में खण्ड स्तर पर कम से कम 20 स्कूलों में आदर्श पाठ दिया गया 2
(ख) 3 माह में खण्ड स्तर पर 10-20 स्कूलों में आदर्श पाठ दिया गया 1
(ग) 10 से कम स्कूलों में 0
17. खण्ड स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के तहत पिछले वर्ष तक खर्च की गई राशि (अन्य कार्यों को छोड़कर)
(क) पूर्ण राशि खर्च की गई : 2
(ख) 12000/- रू0 तक की शेष राशि : 1
(ग) 12000/- रू0 से अधिक शेष राशि : 0
18. विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को खण्ड स्तर पर उपलब्ध सुविधाएं
(क) सभी बच्चों को चिन्हित किया गया, विशेष उपकरण तथा बाधा रहत वातावरण उपलब्ध करवाया गया 2
(ख) उपरोक्त कोई दो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई 1
(ग) चिन्हित करने के उपरान्त बच्चों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई 0
19. खण्ड स्तर पर ADEPTS कार्यक्रम लागू करना तथा इसके लिए मानक निर्धारित करना
(क) खण्ड स्त्रोत समन्वयक के लिए, संस्थान के लिए तथा निर्धारित मानकों में उपलब्धि स्तर > 60 % 2
(ख) किसी एक के लिए तथा निर्धारित मानकों में उपलब्धि स्तर 40-60 % 1
(ग) किसी के लिए भी नहीं 0
20. खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (BEEO) खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक (BRCC) खण्ड स्त्रोत समूह (BRG) के सदस्यों में आपसी तालमेल
(क) प्रत्येक स्तर के सभी अधिकारियों का मिलकर खण्ड में शिक्षा के विकास के लिए सक्रिय योगदान 2
(ख) खण्ड स्तर पर शिक्षा के कार्यक्रम का केवल एक स्तर के अधिकारियों द्वारा कार्यान्वयन 1
(ग) उपरोक्त अधिकारियों के आपसी तालमेल की कमी 0